विद्यार्थियों ने एक साथ ली तम्बाकू मुक्ति की शपथ

पाली, (नि.सं.)। जिला प्रशासन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को प्रातः 11.30 बजे पाली जिले में राजकीय एवं निजी विद्यालयों कें तीन लाख से भी अधिक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने आजीवन किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने की एक साथ शपथ ली।

जिला कलैक्टर एलएन मंत्री के आहवान पर इस ऐतिहासिक पल में जिला स्तरीय अधिकारी, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी भागीदारी की तथा सभी ने एक साथ मिलकर तम्बाकू मुक्त जीवन की शपथ लेकर एक नया इतिहास रचा। किसी भी कार्यक्रम को लेकर जिले में पहली बार इतनी अधिक संख्या में लोगों ने एक साथ शपथ ली।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में समय समय पर कई प्रकार की गतिविधियों का संचालन किया जाता है,जिसके अंतर्गत तम्बाकु सेवन करने वाले लोगों की तम्बाकु की लत छुड़वाने के लिए राजकीय बांगड़ चिकित्सालय स्थित एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र पर तम्बाकू मुक्ति एवं परामर्श केन्द्र पर नियमित सेवायें प्रदान की जा रही हैं तथा लोगों में तम्बाकू सेवन के कारण होने वाले गम्भीर दुष्प्रभावों के बारे में आमजन में जगारूकता पैदा करने के लिए भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, ताकि तम्बाकू सेवन कर रहे लोग इसका सेवन बन्द कर सकें तथा जो लोग तम्बाकू सेवन नहीं कर रहे हैं, वे आजीवन इसके सेवन से बचे रह सकें। इसी परिकल्पना के साथ जिला प्रशासन से आठाह कर चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग द्वारा सामूहिक रूप से तम्बाकू मुक्ति के लिए शपथ लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पाली जिले में किसी भी कार्यक्रम में एक साथ तीन लाख से अधिक युवाओं की भागीदारी का पहला प्रयास सार्थक रहा है। सीएमएचओ डॉ. मारवाल ने बताया कि विद्यार्थियों को सभी स्कूलों में एक साथ तम्बाकू का सेवन नहीं करने की शपथ दिलवाने के तुरन्त बाद चिकित्सा विभाग के अधिकारियों एंव कर्मचरियों द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अपने अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा गया कि हम सभी को आजीवन तम्बाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहना है क्योंकि तम्बाकु उत्पादों के नियमित सेवन से कैंसर होने की संभावना कई गुणा बढ़ जाती है, इसलिये इसे त्यागना ही समझदारी है। तम्बाकू के सेवन के कारण भारत में हर वर्ष लगभग 15 लाख लोग असमय मौत का शिकार हो रहे हैं।

डॉ. मारवाल ने बताया कि जिला स्तरीय महा शपथ कार्यक्रम के दौरान राजकीय बांगड़ स्कूल में अतिरिक्त जिला कलैक्टर (सीलिंग) भवानीसिंह पंवार ने कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एंव शिक्षकों को तम्बाकू मुक्ति की शपथ दिलवाई तथा तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी प्रदान की। इस दौरान शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक सोहनलाल भाटी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी रामलाल कुमावत, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजेन्द्रपालसिंह चुण्डावत, स्कूल के प्रधानाचार्य बसन्त परिहार, प्रवीण कुमार जांगिड़ उपस्थित रहे। इसी प्रकार जिला स्तरीय एक अन्य कार्यक्रम में राजकीय बालिया स्कूल में एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र के प्रधानाचार्य एवं तम्बाकू मुक्ति एवं परामर्श केन्द्र के प्रभारी केसी सैनी ने तम्बाकु नियंत्रण कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान की तथा स्कूल की ही बालिका ने कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 900 बालिकाओं को तम्बाकु मुक्ति की शपथ दिलवाई।

सार-समाचार

तीन माह से फरार इनामी गिरफ्तार

जोधपुर, (कास)। जिला जोधपुर ग्रामीण की ओसियां थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे 15 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी पिछले लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपियों को पकडऩे के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जिला विशेष टीम के प्रभारी करणी दान के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल चिमनाराम की सूचना पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में ओसियां थाने के फरार आरोपी एकलखोरी निवासी शैतानाराम पुत्र सुखराम विश्नोई को गिरफ्तार किया। उसकी गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। ओसियां थाना पुलिस ने गत 28 मई को अवैध मादक पदार्थ तस्करी को लेकर थानाधिकारी राजेश गजराज के नेतृत्व में झरिया एकलखोरी निवासी जयकिशन पुत्र रेशमराम विश्नोई के घर के पास बने गायों के बाड़े में दबिश दी थी। यहां पर गायों के बाड़े के पास तलाशी ली तो प्लास्टिक का कट्टा मिला जिसमें अवैध डोडा पोस्त भरा हुआ पाया गया। उसका वजन 11 किलो 500 ग्राम था। मामले में आरोपी जयकिशन को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि अवैध डोडा पोस्त शैतानाराम बिश्नोई से खरीदा था। इसके बाद से पुलिस शैतानाराम की तलाश कर रही थी।

पर्वाधिराज पयुर्षण महापर्व शुरू

जोधपुर, (कास)। त्याग, तप एवं क्षमा के परिचायक जैन धर्म के आठ दिवसीय पर्व पर्युषण की आराधना आज से शुरू हो गई। इस दौरान आठ दिन चातुर्मास स्थलों पर जैन-श्रावक नवकारसी, चौरसी, उपवास, एकासन, आयंबिल तप आराधना करेंगे। उन्नीस सितंबर तक देव दर्शन, प्रक्षालन, परमात्मा पूजन, चौत्यवंदन, कल्पसूत्र वाचन, नित्य प्रतिदिन विशिष्ट प्रवचन, प्रतिक्रमण, परमात्मा की आंगी रचना सहित कई धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। खेरादियों का बास जैन श्वेताम्बर त्रिस्तुतिक संघ में विराजित साध्वी कारुण्य लता के सानिध्य में राजेन्द्र भवन में पर्युषण महापर्व आज से शुरू हुआ। सचिव हीराचन्द भंडारी व उपाध्यक्ष महेन्द्र सुराणा ने बताया कि पर्युषण अवधि में अवंति पाश्र्वनाथ मंदिर में सुबह पूजा-अर्चना, दिन में प्रभु की आंगी रचना व रात्रि में भक्ति का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर मंदिर को सजाया गया हैं। वहीं गांधी मैदान में संत ललितप्रभ व चन्द्रप्रभ के सानिध्य में पर्युषण पर्व की आराधना भी शनिवार को शुरू हो गई। अष्ट दिवसीय इस आराधना में प्रतिदिन नियमित प्रवचन होंगे, चौबीस तीर्थंकरों का स्नात्र पूजन, जैन आगमों का स्वाध्याय व प्रतिक्रमण होगा।

ओटवाला में जेवरात समेत बोलेरो चोरी

सायला, (निसं)। सायला थानाक्षेत्र के ओटवाला गांव में अज्ञात चोरों ने एक सुने मकान के ताले तोडकर सोने-चांदी के आभूषण समेत बोलेरो गाडी चोरी कर ले गए। जानकारी के अनुसार ओटवाला गांव में परबतसिंह पुत्र भवसिंह दहिया का रहवासी मकान आया हुआ है। परबतसिंह अपने परिवार सहित देशावर रहते है। शुक्रवार को रात्रि में अज्ञात चोरो ने मकान के ताले तोडकर घर में तोडफोड की एवं लाखो के जेवरात सहित घर के पार्किंग में खडी बोलेरो गाडी को भी चुरा ले गए। शनिवार को पडोसी भाई जोरसिंह पुत्र विशनसिंह दहिया ने घर के ताले टूटे हुए देखे तो पुलिस को जानकारी दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा मौका मुआयना किया। वही जोरसिंह दहिया ने पुलिस में रिपोर्ट देकर बताया की परबतसिंह पुत्र भवसिंह के मकान से अज्ञात चोरो ने सोने चांदी के जेवरात, 32 इंच एलईडी टीवी सहित 5० हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। साथ ही चारदिवारी में पडी बोलेरो गाडी भी चुरा ले गए एवं घर में तोड़फोड़ की।

कृषि विश्वविद्यालय में वार्षिक बैठक शुरू

जोधपुर, (कास)। जोधपुर के कृषि विश्वविद्यालय में एसटीओएल की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक कृषि अनुसंधान केंद्र (एआरएस) मंडोर में हुई। इस कार्यक्रम में यूके, यूएस, अफ्रीका और भारत के वैज्ञानिकों ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह में एनबीपीजीआर नई दिल्ली के निदेशक डॉ. जी.बी. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे। इसके अलावा अनुसंधान निदेशक डॉ. एम.एम. सुंदरिया, डॉ. सीताराम कुम्हार, डॉ. प्रदीप पगारिया, डॉ. एम.एल. मेहरिया, बायोडायवर्सिटी इंटरनेशनल से डॉ. जे.सी.राणा, किर्क हाउस ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी डॉ. क्लाउडिया कैनालेस आदि मौजूद रहे। बैठक में भारत में विशेषकर राजस्थान में उगाई जाने वाली विभिन्न दालों के महत्व पर चर्चा की गई। जिसमें मोठ, मूंग और लोबिया पर विशेष जोर दिया गया। चर्चा में बाम्बारा मूंगफली और मरामा बीन जैसी नई दलहन फसलें भी शामिल थी। इस दौरान विभिन्न केंद्रों के वैज्ञानिकों ने दलहनी फसलों पर चल रहे अनुसंधान को प्रदर्शित करते हुए अनुभव साझा किए।

खेल प्रतियोगिताएं आयोजित

जालोर, (कासं)। स्थानीय वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालोर में शनिवार को राष्ट्रीय खेल सप्ताह के समापन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी व एनएसएस एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज प्रचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता के तहत 200 मीटर पुरूष वर्ग की दौड में श्रवण कुमार प्रथम स्थान पर रहा। इसी क्रम में कबड्डी प्रतियोगिता में राणा सांगा टीम विजय रही। कार्यक्रम के दौरान रूमाल झपप्टा पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता में विद्यार्थियों अभूतपूर्व जोश एवं उत्साह का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर भामाशाह कैलाश काबरा ने विद्यार्थियों को मैडल देकर सम्मानित किया तथा जीवन में खेल के महत्त्व को समझाया। कार्यक्रम में खेल प्रभारी डॉ. प्रतापसिंह एनएसएस प्रभारी डॉ. शिव कुमार शर्मा, एनसीसी प्रभारी किशोर कुमार, मनीष अखावत, कृष्णा देवल, दिनेश मीणा, राजल मिश्रा, डॉ. चन्दन प्रकाश जयपाल सहित ई जने उपस्थित रहे।

संभागीय आयुक्त मेहरा रिटायर

जोधपुर, (कास)। जोधपुर के संभागीय आयुक्त भंवरलाल मेहरा आज रिटायर्ड हो गए। उनके स्थान पर पाली की संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह को जोधपुर संभाग का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। पाली की संभागीय आयुक्त प्रतिभासिंह ने आज जोधपुर का अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया। संभागीय आयुक्त भंवरलाल मेहरा की शुक्रवार को सेवानिवृति पर शनिवार को विदाई दी गई। मेहरा की सेवानिवृति के कारण कार्मिक विभाग ने एक आदेश जारी कर पाली संभाग की संभागीय आयुक्त सिंह को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है। शनिवार को पाली की संभागीय आयुक्त प्रतिभासिंह ने आज जोधपुर का अतिरिक्त चार्ज ले लिया। इस दौरान जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

डॉ. रघुनाथ विश्नोई अध्यक्ष बने

सांचोर, (निसं)। नवगठित सांचोर जिले के सेवारत राजकीय चिकित्सकों की आम बैठक का आयोजन शुक्रवार को उप जिला अस्पताल परिसर में हुआ। सर्वसहमति से नवीन कार्यकारिणी का गठन और विस्तार किया गया। अध्यक्ष डॉ. रघुनाथ विश्नोई, महासचिव डॉ. विक्रम सिंह, वित सचिव डॉ. मानवेन्द्र विश्नोई, राज्य प्रतिनिधि डॉ. ओ.पी. सुथार, सह प्रतिनिधि डॉ. अनुराग देवासी, उपाध्यक्ष डॉ. भंवरलाल खीचड, डॉ. सांवलाराम देवासी, महिला प्रतिनिधि डॉ. बाला विश्नोई, मीडिया प्रभारी डॉ. हनुमान खिलेरी को बनाया गया। ब्लॉक कोर्डीनेटर सांचौर डॉ. हनुमान सारण, रानीवाडा डॉ. ओपी डारा, बागोडा डॉ. अनिल कडवासरा, चितलवाना डॉ. विष्णु प्रसाद, सरनाऊ डॉ. प्रकाश विश्नोई, पीएमओ प्रीतिनिधि डॉ. भंवर जाणी. यूटीबी प्रतिनिधि डॉ. कुलदीप वैष्णव को नियुक्त किया गया।

मादक पदार्थ व आर्म्स एक्ट में वांटेड पकड़ा

जोधपुर, (कास)। शहर की करवड़ पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी एवं आर्म्स एक्ट में वांटेड चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसे पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जाएगी। थानाधिकारी अवधेश सांदू ने बताया कि साल भर पहले पुलिस की तरफ से एक डोडा पोस्त की गाड़ी को पकड़ा गया था। जिसमें एक मुल्जिम चितौडग़ढ़ के जाट मोहल्ला भदेसर निवासी भैरूलाल पुत्र नंदलाल जाट फरार चल रहा था। वह वांटेड था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम लगाई गई थी।

खेल सप्ताह का समापन

जोधपुर, (कास)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार 26 से 31 अगस्त तक खेल सप्ताह का आयोजन राजकीय आवासीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में किया गया। महाविद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. नितिन राजवंशी ने बताया कि इस दौरान महाविद्यालय में चैस, टेबल टेनिस संतोलिया, रस्सा-कस्सी, स्लो वॉर्क जैसी प्रतियोगिताएं हुई। खेलकूद प्रभारी शिवकरण मेघवाल ने बताया कि शनिवार को टेबल टेनिस प्रतियोगिता में वंशिका चौहान ने प्रथम व पल्लवी द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

राजस्थान सरकार
(जल संसाधन विभाग)

क्रमांक 133–134/भु0अ0/ज0स0/2016/L 830 दिनांक: 20.08.2024

विज्ञप्ति

चूंकि राज्य सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ फॉर वाटर कन्सेप्ट के अंतर्गत हरजी एवं भाद्राजून माईको सिंचाई परियोजना के निर्माण एवं डूब में आने वाली भूमि को अवाप्त किया जाना आवश्यक है। यह विज्ञप्ति किया जाता है कि सूची में वर्णित इलाकों की भूमि की उक्त प्रयोजनार्थ आवश्यकता है। अतः यह विज्ञप्ति भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 11–12 के अनुसार उन सब हितकारियों के निमित्त जारी की जाती है जिनका इससे संबंध है।

उक्त धारा में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार उन समस्त अधिकारियों को जिनका इससे संबंध है को कुछ समय के लिए अपने सेवकों एवं श्रमिकों सहित उस क्षेत्र में प्रवेश करने, सर्वेक्षण करने तथा वे सब कार्य करने हेतु अधिकृत करती है, जो उक्त धारा में दर्शाये गये है।

कोई हितकारी व्यक्ति जिसे निम्नांकित क्षेत्र की किसी भूमि के अवाप्त करने के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह उक्त विज्ञप्ति के राजपत्र में प्रकाशन होने के 60 दिन के अन्दर आपत्ति लिखित में भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) आहोर, जिला जालोर को प्रस्तुत कर सकता है। विवरण संलग्न सूची के अनुसार।

संलग्नः– सूची

आज्ञा से
(मुकेश कुमार गुप्ता)
उप सचिव एवं प्रावै. सहायक
वास्ते मुख्य अभियन्ता जल संसाधन
राजस्थान जयपुर

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जल संसाधन खण्ड, जालोर

केन्द्रीय भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पादरर्शित अधिकार अधिनियम 2013 के तहत् धारा 11–12 के प्रस्ताव

भूमि अर्जन अधिकारी उपखण्ड आहोर जिला जालोर राजस्थान

लघु/सुक्ष्म सिंचाई परियोजना हरजी का निर्माण कार्य के लिए धारा 11–12 के तहत् प्रभावित होने वाले भूमिधारको की सूची

गांव :– हरजी ग्राम पंचायत :– हरजी तहसील– आहोर जिला – जालोर

क्र.सं.	भूमिधारक का नाम	खसरा नं.	किस्म भूमि	भूमि का कुल रकबा (हेक्टर)	अवाप्त की जाने वाली भूमि का रकबा (हेक्टर)	वि.वि.
1	2	3	4	5	6	7
A	**खातेदारी भूमि**					
1	1. अणसीदेवी पुत्री प्रहलादा हिस्सा– 1/45 जाति कलबी सा. देह खातेदार 2. अमराराम पुत्र मोटा हिस्सा – 1/12 जाति– कलबी सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–1/12 (पूर्ण खाता) राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक शाखा हरजी 3. कमला चौधरी पुत्री रमेशकुमार हिस्सा – 1/144 जाति कलबी सा. देह खातेदार 4. कल्पना चौधरी पुत्री रमेशकुमार हिस्सा – 1/144 जाति कलबी सा. देह खातेदार 5. केसीबाई पत्नि गजाराम हिस्सा – 1/18 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 6. खेताराम पुत्र मोटा हिस्सा– 1/12 जाति कलबी सा. देह खातेदार – 7. खीमाराम चौधरी पुत्र रमेशकुमार हिस्सा– 1/144 जाति कलबी सा. देह खातेदार 8. छोगाराम पुत्र लूम्बाराम हिस्सा– 1/36 जाति कलबी सा. देह खातेदार 9. जेपाराम पुत्र प्रहलादा हिस्सा – 1/45 जाति कलबी सा. देह खातेदार 10. जमूदेवी पत्नि स्व. पीथा हिस्सा– 1/54 जाति कलबी सा. देह खातेदार 11. जीताराम पुत्र पीथा हिस्सा– 1/54 जाति कलबी सा. देह खातेदार 12. तलसी पुत्री गेना हिस्सा– 1/36 जाति कलबी सा. देह खातेदार 13.	916	बारनी दोयम	16.6000	4.2010	
2	देवाराम पुत्र दलाराम हिस्सा– 1/18 जाति कलबी सा. देह खातेदार 14. नेनाराम पुत्र पीथा हिस्सा – 1/54 जाति कलबी सा. देह खातेदार 15. पुखाराम पुत्र दला हिस्सा – 1/36 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 16. पपी पुत्री लूम्बा हिस्सा– 1/36 जाति कलबी सा. देह खातेदार 17. पुरी पुत्री लूम्बा हिस्सा– 1/36 जाति कलबी सा. देह खातेदार 18. पोनीदेवी पुत्री प्रहलादा हिस्सा – 1/45 जाति कलबी सा. देह खातेदार – – 19. भमरी पुत्री लूम्बा हिस्सा – 1/36 जाति कलबी सा. देह खातेदार 20. भोमाराम पुत्र पीथा हिस्सा – 1/54 जाति कलबी सा. देह खातेदार 21. मोतीलाल पुत्र प्रहलादा हिस्सा – 1/45 जाति कलबी सा. देह खातेदार 22. मोवन पुत्री पीथा हिस्सा – 1/54 जाति कलबी सा. देह खातेदार 23. रणछोडाराम पुत्र गजाराम हिस्सा– 1/36 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 24. लेरकी पुत्री लूम्बा हिस्सा – 1/36 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 25. लादाराम पुत्र दला हिस्सा – 1/36 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 26. लीला पुत्री पीथा हिस्सा – 1/54 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 27. सगन चौधरी पुत्र रमेशकुमार हिस्सा– 1/144 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 28. सदी पुत्री गेना हिस्सा– 1/36 जाति कलबी सा. देह खातेदार 29. सोर्दादेवी पत्नि स्व. प्रहलादा हिस्सा – 1/45 जाति कलबी सा. देह खातेदार 30. हकमाराम पुत्र भेराराम हिस्सा– 1/18 जाति कलबी सा. देह खातेदार 31. हँजा पुत्री गेना हिस्सा – 1/36 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 32. हिराराम पुत्र प्रेमाराम हिस्सा– 1/9 जाति कलबी सा. देह खातेदार,	1195	बारनी दोयम	0.1700	0.0150	
3	1. अम्बादेवी पत्नि हिन्दु हिस्सा – 1/12 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 2. उजीदेवी पत्नि स्व. किस्तुरा हिस्सा – 1/30 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 3. उम्मेदमल पुत्र नाथूराम हिस्सा – 1/36 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 4. गंगादेवी पुत्री किस्तुरा हिस्सा – 1/30 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 5. जेपाराम पुत्र किस्तुरा हिस्सा – 1/30 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 6. तगीदेवी पत्नि स्व. छगनलाल हिस्सा – 1/60 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 7. नरेशकुमार पुत्र छगनलाल हिस्सा– 1/60 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 8. नेहरूलाल पुत्र किस्तुरा हिस्सा – 1/30 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 9. नारायणलाल पुत्र हिन्दू हिस्सा – 1/12 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 10. पर्कीदेवी पत्नि लखमाजी हिस्सा – 1/3 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 11. पोपटलाल पुत्र छगनलाल हिस्सा – 1/60 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 12. फूटमल पुत्र नाथूराम हिस्सा – 1/36 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 13. भंवरीदेवी पुत्री छगनलाल हिस्सा – 1/60 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 14. मि श्री मल पुत्र हिन्दू हिस्सा – 1/12 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 15. रिंकू पुत्री नाथूराम हिस्सा – 1/36 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 16. लालचंद पुत्र किस्तुरा हिस्सा – 1/30 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 17. शेणा पुत्र छगनलाल हिस्सा – 1/60 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 18. सदणादेवी पत्नि स्व. नाथूराम हिस्सा – 1/36 जाति– सुथार सा, देह खातेदार 19. सरसो पुत्री नाथूराम हिस्सा – 1/36 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 20. सोहनलाल पुत्र नाथूराम हिस्सा – 1/36 जाति– सुथार सा. देह खातेदार,	917	बारनी दोयम	4.3500	0.1730	
4	अनीया पुत्री मांगीलाल हिस्सा 1/539 जाति–सुथार सा. देह खातेदार, अम्बादेवी पत्नि हिन्दुराम –1/77 जाति–सुथार सा. देह खातेदार, इन्दूदेवी पत्नि स्व रमेशकुमार हिस्सा 1/231 जाति–सुथार सा. देह खातेदार, उजीदेवी पत्नि स्व. किस्तुरा हिस्सा 1/385 जाति–सुथार सा. देह खातेदार, कैसाराम पुत्र तलछा हिस्सा 1/77 जाति– कलबी सा. देह खातेदार, कानाराम पुत्र बापू हिस्सा 8/231 जाति–कलबी सा. देह खातेदार, खंगारा पुत्र जेठा हिस्सा हिस्सा – 1/77 जाति–कलबी सा. देह खातेदार, गंगादेवी पुत्री किस्तुरा हिस्सा–1/385 जाति–सुथार सा. देह खातेदार, गजीया पुत्र खीमा हिस्सा 1/77 जाति चौधरी सा. देह खातेदार, गजीया पुत्र मोडा हिस्सा 1/77 जाति–चौधरी सा. देह खातेदार, गणेशाराम पुत्र अनाराम हिस्सा–1/77 जाति–चौधरी सा. देह खातेदार, गलबाराम पुत्र किस्तुरा हिस्सा– 1/77 जाति चौधरी सा. देह खातेदार, गवरी पुत्री दला हिस्सा 1/77 जाति चौधरी सा. देह खातेदार, गेंदा उर्फ टवीकल पुत्री मांगीलाल हिस्सा– 1/539 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 15. गोपाल पुत्र वागाराम हिस्सा– 1/164 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 16. गोविन्दराम पुत्र चिमना हिस्सा – 1/77 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 17. छटीदेवी पत्नि सोनाराम हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 18. छोगाराम पुत्र सोनाराम हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 19. छोगाराम पुत्र धना हिस्सा – 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 20. छोगीदेवी पत्नि तोलीया हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 21. जगमाला पुत्र गोमा हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 23. जेपाराम पुत्र किस्तुरा हिस्सा – 1/385 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 22. जेपाराम पुत्र वरदा हिस्सा – 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 25. जवानाराम पुत्र खेताराम हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 24. जवानाराम पुत्र खेता हिस्सा – 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 26. जैसराम पुत्र तोलीया हिस्सा– 1/77 जाति – चौधरी सा. देह खातेदार 27. जीया पुत्र डाया हिस्सा – 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 28. जोणूदेवी पत्नि जोतराम हिस्सा– 1/77 जाति – चौधरी सा. देह खातेदार 29. जोता पुत्र खीमा हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 30. जोयता पुत्र ओटा हिस्सा – 2/77 जाति कलबी सा. देह खातेदार 31. जोशना पुत्री मांगीलाल हिस्सा– 1/539 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 32. टीपुदेवी पत्नि स्व. ईन्दा हिस्सा – 1/616 जाति कलबी सा. देह खातेदार 33. तगीदेवी पत्नि स्व. छगनलाल हिस्सा (1/385 जाति सुथार सा. देह खातेदार 34. तलछाराम पुत्र हठमा हिस्सा – 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 35. थानाराम पुत्र खेता हिस्सा– 1/77 जाति चौधरी सा. देह खातेदार 36. देवाराम पुत्र सोनाराम हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 37. दिपीकाबुमारी पुत्री रमेशकुमार हिस्सा 1/231 जाति–सुथार सा. देह खातेदार, 38. धर्मी पत्नि खीमा हिस्सा – 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 39. नरेशकुमार पुत्र छगनलाल हिस्सा– 1/385 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 40. नेहरूलाल पुत्र किस्तुरा हिस्सा – 1/385 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 41. नाथूराम पुत्र रुगा हिस्सा– 1/77 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 42. नारायण पुत्र सोनाराम हिस्सा – 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 43. नारायणलाल पुत्र हिन्दुराम हिस्सा – 1/77 जाति – सुथार सा. देह खातेदार 44. नाबालिग निखिल पुत्र रमेशकुमार संरक्षक माता इन्दूदेवी हिस्सा – 1/231 जाति – सुथार सा. देह खातेदार 45. नोपाराम पुत्र धना हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 46. पंकीदेवी पत्नि लखमाजी हिस्सा – 1/77 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 47. पूजा पुत्री लखमाजी हिस्सा– 1/77 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 48. पना पुत्र डाया हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 49. प्यारीदेवी पत्नि स्व. श्भोनाराम हिस्सा – 1/1232 जाति कलबी सा. देह खातेदार 50. प्रकाशकुमार पुत्र मांगीलाल हिस्सा – 1/539 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 51. पोपी पुत्री कालीया हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 52. पोनीदेवी पुत्री ईन्दा हिस्सा– 1/616 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 53. पोपटलाल पुत्र छगनलाल हिस्सा– 1/385 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 54. फूलचंद पुत्र लखमाजी हिस्सा– 1/77 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 55. फुलीदेवी पत्नि विरमाराम हिस्सा– 3/77 जाति– कलबी सा.देह खातेदार 56. भटी पत्नि धना हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 57. भेराराम पुत्र लछीया हिस्सा– 1/77 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 58. भंवरलाल पुत्र लखमाजी हिस्सा– 1/77 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 59. भंवरीदेवी पुत्री छगनलाल हिस्सा– 1/385 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 60. भाटीया पुत्री कालीया हिस्सा– 1/77 जाति–चौधरी सा. देह खातेदार 61. भावेशकुमार पुत्र भोमाराम हिस्सा– 1/1232 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 62. मथरादेवी पुत्री ईन्दा हिस्सा– 1/616 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 63. मेंधी पुत्री खेता हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 64. मूला पुत्र खीमा हिस्सा– 1/77 जाति – चौधरी सा. देह खातेदार 65. ममता पुत्री मांगीलाल हिस्सा– 1/539 जाति सुथार सा. देह बातेदार 66. मूलाराम पुत्र दला हिस्सा – 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 67. मिश्रीमल पुत्र हिन्दुराम हिस्सा – 1/77 जाति– सुथार सा. देह खाते 68. मोती पुत्र सरुपा हिस्सा– 1/77 जाति चौधरी सा. देह खातेदार 69. रेखादेवी पुत्री ईन्दा हिस्सा– 1/616 जाति कलबी सा. देह खातेदार 70. रतनलाल पुत्र कूपा हिस्सा– 8/231 जाति – कलबी सा. देह खातेदार 10. 71. रुपाराम पुत्र लछीया हिस्सा 1/77 जाति सुथार सा. देह खातेदार 72. रुपी पुत्री खेता हिस्सा– 1/77 जाति चौधरी सा. देह खातेदार 73. राजीगाराम पुत्र ईन्दा हिस्सा– 1/616 जाति कलबी सा. देह खातेदार 74. राजीया पुत्र डाया हिस्सा– 1/77 जाति चौधरी सा. देह खातेदार 75. लालचन्द पुत्र किस्तुरा हिस्सा–1/385 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 76. लीला पुत्री तोलीया हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 77. वगताराम पुत्र लूम्बा हिस्सा– 1/77 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 78. विक्रमकुमार पुत्र लखमाजी हिस्सा– 1/77 जाति सुथार सा. देह खातेदार 79. विरमाराम पुत्र कूपा हिस्सा– 8/231 जाति – कलबी सा. देह खातेदार 80. शेरसिंह पुत्र सुखसिंह हिस्सा– 2/77 जाति– राजपूत सा. देह खातेदार राहिन हिस्सा–2/77 (पूर्ण खाता) आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड शाखा जालोर 81. शेणा पुत्र छगनलाल हिस्सा– 1/385 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 82. संगीता पुत्री लखमाजी हिस्सा– 1/77 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 83. संदीप पुत्र मांगीलाल हिस्सा– 1/539 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 84. सुमदी पत्नि स्व. मांगीलाल हिस्सा– 1/539 जाति– सुथार सा. देह खातेदार 85. सुमटीदेवी पुत्री ईन्दा हिस्सा– 1/616 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 86. सविया पुत्र गोमा हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 87. सायती पुत्री खेता हिस्सा– 1/77 जाति– चौधरी सा. देह खातेदार 88. हेमाराम पुत्र जीयाराम हिस्सा– 1/77 जाति– कलबी सा. देह खातेदार 89. हेमाराम पुत्र ईन्दा हिस्सा– 1/616 जा